# उपयोगकर्ताओं के लिए सेवा के नियम और शर्तें

OBOPAY अपने ग्राहकों को भुगतान सेवा प्रदान करता है। इस दस्तावेज में इस सेवा के नियमों के प्रस्ताव को निर्धारित किया गया है।

नियम और शर्तों के चैकबॉक्स पर क्लिक करने से तथा पंजीकरण प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा करने पर आप यह पुष्टि करते हैं कि आप OBOPAY वॉलेट के उपयोगकर्ता के रूप में योग्य हैं, तथा यह कि आपने इस सेवा के नियम और शर्तों ("T&Cs") को पढ़ा समझा, तथा आपको इनसे प्रतिबद्ध होना स्वीकार है।

हम आपसे आग्रह करते हैं कि आप इन नियमो और शर्तों को ध्यान से पढ़ें जिससे इस बात की पुष्टि होगी कि पंजीकरण को सफलतापूर्वक पूरा करने पर आप हमारे साथ अपनी प्रतिबद्धता के बारे में पूरी तरह अवगत हैं। कृपया ध्यान दें कि लागू नियम आह्वान के समय हमें आपको इन प्रतिबद्धताओं से बांधे रहने की अनुमति देता है।

## 1. परिभाषाएं

इस T&Cs में सारे परिभाषित तथा पंजीकृत शब्दों के अर्थ निम्न प्रकार होंगे:

- "Account" का अर्थ है उपयोगकर्ता द्वारा https://www.obopay.com पर सफलतापूर्वक पंजीकरण प्रक्रिया को पूरा करने पर उसके अकाउंट का सृजन, जिसमें OBOPAY वॉलेट के बारे में जानकारी होगी।
- "Act" का अर्थ है भुगतान और निपटान अधिनियम, 2007 एवं कोई संशोधन, परिवर्तन तथा पुनः अधिनियम, एवं कोई और उत्तरगामी संशोधन जो इस वक्त लागू है।

- “Eligible” का अर्थ है T&Cs के अनुच्छेद 3.1 के अंतर्गत पात्रता की शर्तों को सफलतापूर्वक पूरा करना।
- “Merchant” का अर्थ है कोई भी संस्थान जो https://www.obopay.com पर उपलब्ध वेब पेज पर सूचीबद्ध हो जो OBOPAY वॉलेट के द्वारा वस्तुओं और सेवाओं के लिए भुगतान स्वीकार करता हो, और जिनके साथ हमने शारीरिक अनुबंध निष्पादित किया हो। https://www.obopay.com पर उपलब्ध ‘मर्चेंट’ की सूची, आपको बिना सूचित किए समय–समय पर हमारे द्वारा संशोधित किया जाएगा।
- “OBOPAY Wallet” का अर्थ है OBOPAY द्वारा जारी एक अर्ध बंद प्रणाली भुगतान साधन जो उपयोगकर्ता द्वारा व्यापारी के वस्तुओं और सेवाओं को खरीद सके (वॉलेट टू मर्चेंट ट्रांसफर), या फिर आरबीआई के नियम तथा इन T&Cs के अनुसार वॉलेट टू वॉलेट ट्रांसफर एवं वॉलेट से बैंक ट्रांसफर जैसे कुछ वित्तीय सेवाओं का लाभ उठा सकें।
- “OBOPAY”, “We”, “Our” या “Us” का अर्थ है एक OBOPAY मोबाइल टेक्नोलॉजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी, जो भारतीय कंपनी अधिनियम विधान के अंतर्गत निगमित है, जिसका कार्पोरेट कार्यालय #150, 6th floor, Tower C, Diamond District, Old Airport Road, Bangalore 560008 पर है । OBOPAY, अधिनियम के प्रावधान के अंतर्गत, अधिकृत भुगतान और निपटान प्रणाली ऑपरेटर है।
- “RBI” का अर्थ है भारतीय रिजर्व बैंक।

- "आरबीआई विनियम" का अर्थ है इस आधार पर बने अधिनियम और विनियम, भारतीय (RBI) निर्देश 2009 के अनुसार प्रीपेड साधन का निर्गमन, तथा संचालन एवं और कोई अधिसूचना, मास्टर परिपत्र, इसी संदर्भ में आरबीआई द्वारा निर्देश और दिशानिर्देश जारी और अद्यतन।
- "सेवाओं के नियम और शर्तें" या "T&Cs" OBOPAY की सेवाओं के नियम और शर्तों, तथा उसी के भविष्य के संशोधन को संदर्भित करता है।
- "User", "You" या "Your" किसी भी योग्य व्यक्ति को संदर्भित करता है जो लागू नियम के तहत प्रवेश करने में सक्षम T&Cs से बंधित एवं OBOPAY वॉलेट के उपयोग के लिए पंजीकरण सफलतापूर्वक पूर्ण करता है।
- "वॉलेट से बैंक ट्रांसफर" का अर्थ है OBOPAT द्वारा दी गई सेवाएं, जिससे उपयोगकर्ता अपने OBOPAY वॉलेट से किसी भी निर्दिष्ट बचत या चालु बैंक खाता को धनराशि ट्रांसफर कर सकता है।
- "वॉलेट टू वॉलेट" का अर्थ है OBOPAY के द्वारा दी जाने वाली सेवाएं, जिससे उपयोगकर्ता आरबीआई नियमों, तथा इन T&Cs के अनुसार अपने OBOPAY वॉलेट से किसी दूसरे OBOPAY वॉलेट को धनराशि ट्रांसफर कर सकता है।

1. **व्याख्याएं**

   1. एकवचन का कोई भी संदर्भ बहुवचन को संदर्भित करता है, एवं इसके विपरीत क्रम से भी, जब तक अन्यथा के लिए स्पष्ट

रूप से प्रदान नहीं किया गया है, और पुलिंग का कोई भी संदर्भ स्त्रीलिंग को संदर्भित करता है, तथा इसके विपरीत भी।

2. शीर्षकों और कैप्शन का उपयोग केवल सुविधा के लिए किया जाता है, और ये इन T&Cs के व्याख्याओं को प्रभावित नहीं करते।

3. किसी भी प्राकृतिक व्यक्ति के किसी भी संदर्भ में, जब तक कि संदर्भ के प्रतिकूल ना हो, उसके वारिस, निष्पादक और अनुमत वारिस शामिल हैं। इसी प्रकार OBOPAY जैसे किसी भी न्याय से संबंधित व्यक्ति में, जब तक कि संदर्भ के प्रतिकूल ना हो, सहयोगी, उत्तराधिकारी एवं अनुमत वारिस शामिल हैं।

**3. वॉलेट निर्माण- पात्रता**

आप हमारी सेवाओं का उपयोग तब तक कर सकते जब तक कि आप:

1. भारत में निवास करते हो;

2. सेवाओं के लेनदेन के लिए केवल भारतीय रुपए का उपयोग करते हो, किसी और मुद्रा का नहीं; और

3. नेटवर्क डिवाइस पर सेवाओं का लाभ जो सेवाओं का समर्थन करता हो।।

4. आप पात्रता होने पर ही सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। अगर आप योग्य नहीं तो कृपया हमारे साथ पंजीकरण के सभी प्रयासों को तुरंत त्याग दें।

5. यदि हमारे पास यह मानने का कोई कारण है कि आपके अकाउंट का उपयोग कोई ऐसा व्यक्ति कर रहा है जो योग्य नहीं, या किसी और कारण से, तब हम आपके अकाउंट को तुरंत समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।।

6. हम आपके प्रतिनिधित्व पर पूरी तरह भरोसा करते हैं कि आप योग्य हैं, और यदि आप या आपके अकाउंट या OBOPAY वॉलेट का उपयोग करने वाला योग्य नहीं है, तो हम पर इसका कोई दायित्व नहीं होगा।

**4. वॉलेट निर्माण**

अकाउंट खोलने के लिए आपको हमें निम्न "पंजीकरण डेटा" देना होगा-

1.एक वैध और कार्यात्मक ई-मेल पता ("पंजीकृत ई-मेल आईडी")

2. एक वैध और कार्यात्मक फोन नंबर जो आपके नाम पर रजिस्टर्ड हो ("पंजीकृत फोन नंबर")

3. एक पासवर्ड; तथा

4. कोई अतिरिक्त जानकारी जो आरबीआई नियमों को निर्धारित करने के लिए आवश्यक हो सकती है या जो आपके ग्राहक मानदंडों को पूरा करने के लिए आवश्यक हो (KYC Norms) या जैसा हमें ठीक लगे।

5. पंजीकरण डेटा और आपके द्वारा प्रदान की गई कोई भी अन्य जानकारी आपके ज्ञान, सूचना और धारणा पर सच होनी चाहिए। आपके द्वारा प्रदान किये गए झूठे पंजीकरण डेटा के लिए कोई भी दायित्व आपके द्वारा वहन किया जाएगा, हमारे द्वारा नहीं।

6. कृपया अपना पंजीकरण डेटा किसी तृतीय पक्ष के साथ शेयर ना करें क्योंकि सिर्फ आप पर अपने पंजीकरण डेटा की गोपनीयता को रखने का दायित्व होगा, तथा आप अपने अकाउंट और OBOPAY वॉलेट के माध्यम से होने वाली सभी गतिविधियों और लेनदेन के लिए उत्तरदायी होंगे, चाहे आपके द्वारा या किसी तीसरे पक्ष द्वारा यह शुरू किया गया हो।

7. अपने अकाउंट और OBOPAY वॉलेट की सुरक्षा को बचाने के लिए हम आपसे चाहते हैं कि (a) यदि आप कॉरपोरेट ग्राहक हैं तो आप

हमें तुरंत अपने एचआर टीम (HR team) के माध्यम से सूचित करें, और अन्य सभी मामले में जहां अकाउंट का अनधिकृत प्रयोग हुआ हो,तथा (b) यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपने अपने हर सत्र के अंत में अपने अकाउंट से लॉग आउट किया।

8. भारत में मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद के वित्त पोषण को रोकने के लिए आरबीआई नियमों के अनुसार यदि हमें किसी तरह लगा कि आपका पंजीकरण डेटा या आपके द्वारा दिया गया कोई और डेटा गलत है, या आपके अकाउंट की सुरक्षा के साथ किसी प्रकार का समझौता किया गया, तब हम आपके अकाउंट को तत्काल प्रभाव से निलंबित या समाप्त कर देंगे।

9. कृपया ध्यान दें कि आरबीआई नियमों के साथ अनुपालन करने के लिए हम आपको आपके नाम में पंजीकृत फोन नंबर के साथ एक से अधिक अकाउंट खोलने की अनुमति नहीं देते हैं।

10. किसी ऐसी स्थिति में जहां आप अपने अकाउंट के MPIN को भूल गए हैं, तो आप <FORGOT MPIN> पर क्लिक करके नए MPIN के लिए अनुरोध कर सकते हैं। हमारे स्वविवेक के आधार पर, और यदि हम नए पासवर्ड के आवेदक और आपकी पहचान के मेल से संतुष्ट हो जाएं तब हम आपको आपके पंजीकृत ई-मेल आईडी पर एक ई-मेल भेजेंगे जिसमें आपका MPIN रिसेट करने का निर्देश होगा। जब हम आपके पंजीकृत ई-मेल आईडी पर पासवर्ड निर्देश भेजते हैं, तब आप अपने अकाउंट के माध्यम से होने वाले किसी भी लेनदेन के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार होंगे। किसी स्थिति में यदि आप अपना पासवर्ड भूल जाने के अलावा, या किसी और कारण से, अपने अकाउंट या OBOPAY वॉलेट का उपयोग करने में असमर्थ होते हैं तब आप कृपया हमें अपनी HR टीम के माध्यम से सूचित करें और अपना खाता ब्लॉक करने के लिए अनुरोध

करें। ब्लॉक करने के अनुरोध से पहले आपके अकाउंट से होने वाले किसी भी अनाधिकृत लेनदेन के लिए हम उत्तरदाई नहीं होंगे।

**4.अपने ग्राहक को जानिए (KYC)**

1.भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार, मास्टर डायरेक्शन दिनांक 11 अक्टूबर 2018 में निर्धारित KYC मानदंडों के अनुपालन के बिना प्रीपेड भुगतान साधन जारी नहीं होंगे। आरबीआई परिपत्र को पढ़ने के लिए http://b.t.ly/2A1AZOe पर क्लिक करें।

2. OBOPAY भुगतान समाधान सेवाओं का उपयोग करने और एक प्रीपेड भुगतान साधन धारक बनने के लिए मैं सत्यापन करने और आवश्यक दस्तावेज को एकत्र करने के लिए, तथा जहां भी आवश्यक और संभव हो आरबीआई द्वारा अनिवार्य KYC प्रक्रिया को पूरा करने के लिए, बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के लिए OBOPAY को सहमति देता हूं। मेरी सहमति आगे चलकर OBOPAY द्वारा, भविष्य में आरबीआई द्वारा अनिवार्य किए गए, मेरे प्रीपेड भुगतान साधन की वैधता अवधि के दौरान किए गए जांच सत्यापन प्रमाणीकरण को पूरा करने के लिए विस्तारित होगी।

**5. वॉलेट लोडिंग एवं उपयोग- OBOPAY वॉलेट की सुविधाएं**

1. एक बार T&CS के नियमानुसार पंजीकरण प्रक्रिया पूरा करके अपने अकाउंट का सफलतापूर्वक सृजन करने पर आप OBOPAY वॉलेट की सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।

2. OBOPAY वॉलेट की सुविधाएं इस प्रकार हैं:

| A. सुविधाएं। | शर्तें |
|---|---|
| 1. जारी करने की मुद्रा। | केवल भारतीय रुपये। |

| | |
|---|---|
| 2. धनराशि रीलोड करना। | OBOPAY वॉलेट रीलोडेबल है, बशर्ते अधिकतम बकाया राशि न्यूनतम विवरण KYC के साथ प्रति माह INR 10,000 (भारतीय दस हज़ार रुपये केवल) से अधिक तथा किसी भी समय पूर्ण KYC के साथ प्रति माह ₹1,00,000 से अधिक ना हो। |
| 3.नकद निकासी। | आरबीआई नियमानुसार OBOPAY वॉलेट से नकद निकासी और शेष राशि के मोचन की अनुमति नहीं है। |
| 4.वैधता अवधि। | पंजीकरण के दिनांक से 3 (तीन) साल तक। |
| 5.OBOPAY वॉलेट की | पंजीकरण दिनांक से 12 |

गैर उपयोग की अधिकतम (बारह) साल तक अनुमेय अवधि।

**6. वॉलेट लोडिंग एवं उपयोग- वॉलेट लोडिंग एवं उपयोग**

1.वर्तमान में हम अपने उपयोगकर्ताओं से अपनी सेवाओं के लिए कोई शुल्क नहीं लेते।

2.भविष्य में हम अपनी सेवाओं के लिए उपयोगकर्ताओं से शुल्क लेने की शुरुआत करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। भविष्य में हम, अनुच्छेद 6 में स्पष्ट रूप से बताए गए, तथा उस दिन से प्रभाव में आने वाले नियम और शर्तों के आधार पर, उपयोगकर्ताओं पर किसी ऐसे शुल्क से जुड़े नियम और शर्तों को थोप सकते हैं।

**7. वॉलेट लोडिंग एवं उपयोग- अधिकृत लेनदेन के लिए भुगतान की शर्ते और तरीके** (OBOPAY वॉलेट के उपयोग से धन को लोड और ट्रांसफर कैसे किया जाए)

1.जब आप अपने OBOPAY वॉलेट से पैसे लोड करने का विकल्प चुनते हैं तब वांछित लेनदेन के उद्देश्य के लिए आपको कुछ भुगतान विवरण प्रदान करने की आवश्यकता होगी। आप सहमत हैं कि आप स्वेच्छा से भुगतान विवरण प्रदान कर रहे हैं।

2.आपके द्वारा प्रदान किए जाने वाले भुगतान विवरण आपके ज्ञान जानकारी और धारणा के अनुसार सही और सटीक हैं। यदि आप झूठा

या गलत भुगतान विवरण प्रदान करते हैं तो हम उन परिणामों के लिए कोई दायित्व वाहन नहीं करेंगे।

3.आप प्रतिनिधित्व और वारंट करते हैं कि आप कानूनी रूप से और पूरी तरह से किसी भी डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड या बैंक खाते का उपयोग करने के हकदार हैं, जिससे आप अपने OBOPAY वॉलेट में धनराशि लोड करने का प्रयास करते हैं।

4.आप उस बैंक खाते का प्रतिनिधित्व और वारंट करते हैं जिसके खाते में OBOPAY वॉलेट में धनराशि लोड करने के लिए पर्याप्त धनराशि की अनुमति है। आपके बैंक में अब पर्याप्त धन के कारण रद्द किए गए लोडिंग लेनदेन का दायित्व हम वहन नहीं करेंगे।

5.आपके द्वारा प्राप्त किसी भी भुगतान निर्देश के अनुसार OBOPAY वॉलेट में धन रखने, प्राप्त करने और संवितरण के लिए आप हमें अधिकृत करते हैं। अन्य बातों के अलावा आपका प्राधिकरण हमें आपके भुगतान विवरण से जुड़े बैंक खाते को डेबिट या क्रेडिट करने की अनुमति देता है। जब तक आप हमारे साथ अपना अकाउंट बनाए रखते हैं तब तक आपका प्राधिकरण प्रभावी रहेगा। आप अपने लेनदेन के इतिहास को अपने OBOPAY वॉलेट की /history पर देख सकते हैं। आप इन T&Cs में उल्लिखित प्रक्रिया के अनुसार OBOPAY वॉलेट के माध्यम से होने वाले किसी भी लेनदेन पर रिफंड या शुल्क वापसी के लिए अनुरोध कर सकते हैं।

## 8.वॉलेट लोडिंग एवं उपयोग- वॉलेट टू मर्चेंट ट्रांसफर

1. जब हम आपसे एक व्यापारी को भुगतान करने के लिए भुगतान निर्देश प्राप्त करते हैं, तब आप उस व्यापारी के भुगतान के लिए हमें अधिकृत करते हैं तो एवं आदेश देते हैं। जब तक आपका अकाउंट हमारे साथ चालू रहेगा तब तक यह प्राधिकरण लागू रहेगा।

2. किसी स्थिति में यदि आप किसी कारण किसी व्यापारी द्वारा प्रदान किए गए वस्तुओं और सेवाओं से संतुष्ट नहीं है, तब हम आपको सलाह देते हैं कि आप उस व्यापारी से इस मामले की रिपोर्ट करें। कृपया ध्यान दें कि हम अपने व्यापारियों द्वारा प्रदान किए गए वस्तुओं या सेवाओं के लिए जिम्मेदार नहीं है, और इसी संबंध में एक व्यापारी और उपयोगकर्ता के बीच किसी भी विवाद में शामिल नहीं हो सकते।

## 9. वॉलेट लोडिंग एवं उपयोग-वॉलेट टू वॉलेट ट्रांसफर

1. सेवा उपलब्ध है:

    1. एंड्रॉयड एप
    2. आईओएस एप
    3. विंडोज एप

2. ट्रांसफर के लिए सीमाएं:

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रति लेनदेन( INR में ) | | | | | |
| | | न्यूनतम | अधिकतम | प्रति मास | प्रति वर्ष |
| OnCUST KYC | P2P से अपंजीकृत लाभार्थी को | 10 | 10,000 | 1,000,000 | - |
| OnCUST KYC | P2P से पंजीकृत लाभार्थी को (प्रति लाभार्थी) | 10 | 100,000 | 1,000,000 | - |
| OnCUST KYC | P2P से गैर KYC ग्राहक | 10 | 10,000 | 1,000,000 | - |
| OnCUST KYC | P2MC | 10 | 100,000 | 1,000,000 | - |
| OnCUST KYC | CLOAD | 10 | 100,000 | 1,000,000 | - |
| OnCUST KYC | ATM आहरण(ऑन नेट और ऑफ नेट) | 10 | 100,000 | 1,000,000 | - |
| OnCUST KYC | वॉलेट सीमा - पूर्ण KYC | - | 100,000 | - | - |
| OnCUST NoKYC | वॉलेट सीमा - गैर KYC | - | 10,000 | - | - |
| OnCUST NoKYC | P2P | 10 | 10,000 | 10,000 | 100,000 |
| OnCUST NoKYC | P2MC | 10 | 10,000 | 10,000 | 100,000 |
| OnCUST NoKYC | CLOAD | 10 | 10,000 | 10,000 | 100,000 |
| OnCUST NoKYC | ATM आहरण (ऑन नेट और ऑफ नेट) | 100 | 10,000 | 10,000 | 100,000 |

3. OBOPAY वॉलेट पर धन भेजने/प्राप्त करने की शर्तें:

1. यह सेवा मौजूदा OBOPAY वॉलेट उपयोगकर्ताओं के लिए ही उपलब्ध है।

2. प्रेषक के पास प्राप्तकर्ता के वॉलेट में ट्रांसफर करने के लिए धन उपलब्ध होना चाहिए।

3. इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए प्राप्तकर्ता को OBOPAY पर एक वॉलेट अकाउंट पंजीकृत करना होगा जिससे वह मौजूदा OBOPAY वॉलेट उपयोगकर्ता के धन के ट्रांसफर को प्राप्त कर सके।

4. वॉलेट से वॉलेट ट्रांसफर के लिए अनुरोध करना:

1.उपयोगकर्ता के पास मौजूदा OBOPAY वॉलेट उपयोगकर्ता से वॉलेट वाले ट्रांसफर का अनुरोध स्वीकार करने का पात्र होने के लिए वैध OBOPAY वॉलेट होना चाहिए।

2. उपयोगकर्ता (प्रेषक) के पास वॉलेट टू वॉलेट अनुरोध को संशोधित करने के लिए OBOPAY वॉलेट अकाउंट में धन उपलब्ध होना चाहिए।

5. आप निम्नलिखित के अलावा अपने OBOPAY वॉलेट से किसी व्यक्ति के OBOPAY वॉलेट में धन ट्रांसफर करने के लिए सहमत हैं (योग्य हस्तांतरी):

1. वे व्यक्ति जो पहले से ही उपयोगकर्ता है; या

2. ऐसे व्यक्ति जो उपयोगकर्ता नहीं है लेकिन जो अकाउंट या OBOPAY वॉलेट रखने के योग्य हैं।

3.हम अनुच्छेद 9.2 के तहत आपके प्रतिनिधित्व पर पूरी तरह निर्भर हैं और ऐसी स्थिति के लिए हमारा कोई दायित्व नहीं होगा जहां ऐसे व्यक्तियों को धनराशि ट्रांसफर हो जो योग्य हस्तांतरी ना हो|

4. यदि हमारे पास यह मानने का कोई कारण है कि आपके द्वारा किसी अयोग्य हस्तांतरी को धन ट्रांसफर किया गया है, तब तत्काल प्रभाव से हम आपके अकाउंट तथा उस व्यक्ति के अकाउंट जिसको आपने धन हस्तांतरित किया है, को समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

**10. वॉलेट लोडिंग एवं उपयोग- रिफंड**

1. ऐसी स्थिति में कि आप अपने OBOPAY वॉलेट से डेबिट की गई किसी राशि पर रिफंड चाहते हैं तो कृपया कॉरपोरेट ग्राहक के मामले में अपनी टीम तक पहुंचे, और अन्य सभी मामलों के लिए obopaysupport@obopay.com पहुंचे। आपके द्वारा किया गया हर रिफंड अनुरोध हमारे द्वारा संशोधित किया जाना चाहिए जिसमें व्यापारी से किया गया सीधा अनुरोध भी शामिल है।

2.जहां हम निर्धारित करते हैं कि रिफंड अनुरोध मान्य है, हम रिफंड अनुरोध तथा OBOPAY वॉलेट में अपेक्षित धन राशि लौटाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

3. कृपया ध्यान दें कि आरबीआई विनियम हमें आपके OBOPAY वॉलेट में किसी भी शेष राशि को वापस करने की अनुमति नहीं देते हैं। यदि

वॉलेट से बैंक ट्रांसफर उपलब्ध है तब आप अपने OBOPAY वॉलेट से बैंक अकाउंट में धन ट्रांसफर कर सकते हैं। इस तरह का आप के द्वारा किया गया वॉलेट से बैंक ट्रांसफर, रिफंड या निकासी नहीं माना जाएगा 4. हम जल्द से जल्द आपके रिफंड अनुरोध का जवाब देने के लिए हर उचित प्रयास करेंगे। कृपया ध्यान दें कि हम उन देरियों के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे जो किसी भी तीसरे पक्ष जैसे बैंकों और व्यापारियों के कारण हो, जिन पर हम आपके रिफंड अनुरोध संसाधित करते समय भरोसा करते हैं। तीसरे पक्ष आमतौर पर आपके अकाउंट में रिफंड को क्रेडिट करने के लिए दो से तीन कार्य दिवस लेते हैं।

## 11. वॉलेट लोडिंग एवं उपयोग- चार्ज बैक

1. आपको अपने डेबिट या क्रेडिट कार्ड योजना के नियम और शर्तों के अनुसार चार्जबैक अनुरोध आरंभ करने का अधिकार हो सकता है। कृपया ध्यान दें कि आपका चार्जबैक अनुरोध आपके डेबिट/क्रेडिट कार्ड प्रदाता द्वारा संसाधित होगा, हमारे द्वारा नहीं। इसलिए हम चार्जबैक अनुरोध के प्रसंस्करण के लिए कोई दायित्व वहन नहीं करेंगे।

2. आरबीआई विनियमों के अनुपालन के लिए धोखाधड़ी की घटना को निर्धारित करने के लिए, हम आपके चार्जबैक अनुरोध के अनुसार आपके अकाउंट और लेन-देन इतिहास की समीक्षा करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। यदि हमारे पास यह मानने का कोई कारण है कि आपके अकाउंट में धोखाधड़ी की गतिविधि हुई है, तो हम आपके अकाउंट को तत्काल प्रभाव से समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

## 12. वॉलेट लोडिंग एवं उपयोग संदिग्ध शुल्क और लेन-देन

**1.** यदि हमारे पास यह विश्वास करने का कारण है कि आपके अकाउंट पर किए गए कोई भुगतान निर्देश फर्जी तरीके से बनाया गया है, तब हम आरबीआई वी नियमों एवं लागू कानून के अनुसार संदिग्ध

गतिविधियों की जांच पड़ताल एवं रिपोर्ट के लिए आपके अकाउंट तक आपकी पहुंच को निलंबित और अस्वीकार कर देंगे।

2. कृपया ध्यान दें कि हम जांच के संचालन के लिए बैंक और व्यापारी जैसे तृतीय पक्ष पर निर्भर हैं। हालांकि हम जल्द से जल्द जांच का निष्कर्ष निकालने के लिए हर उचित प्रयास करेंगे तीन जांच के निष्कर्ष, तथा इसके परिणामों के आधार पर हमें आपके अकाउंट को तत्काल समाप्त करने की आवश्यकता पड़ सकती है।

## 13. वॉलेट लोडिंग एवं उपयोग- लिंक

**1.** हमारी "अधिकारिक वेबसाइट" https://www.obopay.com पर उपलब्ध है। आप ध्यान देंगे की हमारे "अधिकारिक वेबसाइट" पर हर वेब पेज का URL, "https://" से शुरू होता । दूसरे शब्दों में हमारी अधिकारिक वेबसाइट का हर वेब पेज हाइपर ट्रांसफर प्रोटोकोल सुरक्षित है ("HTTPS सक्षम") या पहचान सत्यापित है।

2. हमने अपनी पूरी अधिकारिक वेबसाइट को आपको डमी वेबसाइटओं से बेहतर सुरक्षा प्रदान करने के लिए HTTPS सक्षम बनाया है। कृपया कोई भी जानकारी देने से पहले वेब पेज की HTTPS क्षमता को सत्यापित करें। आपके द्वारा डमी वेबसाइट सहित किसी भी अन्य तृतीय पक्ष के वेबसाइट पर जानकारी उपलब्ध कराने के परिणामों के लिए हम उत्तरदायीं नहीं होंगे।

3. हम किसी तृतीय पक्ष की वेबसाइट की सुरक्षा, कार्य क्षमता, या अभीगम्यता की गारंटी नहीं देते हैं, जिसमें वे मामले भी शामिल हैं, जहां तृतीय पक्ष वेबसाइट का लिंक हमारे अधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## 14. वॉलेट बंद एवं समाप्ति- अकाउंट की समाप्ति

**1.** एक आंतरिक नीति में बदलाव के कारण या आरबीआई विनियम या अन्य लागू कानून के कारण बिना पूर्ववर्ती नोटिस दिए हम आपके लिए अपनी सेवाओं को संशोधित, समाप्त, या निलंबित करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

2. आप किसी भी समय अधिकारिक वेबसाइट का अनुरोध प्रस्तुत करके सेवाओं को समाप्त करने का अनुरोध कर सकते हैं। हम सेवा की समाप्ति के आपके अनुरोध का जवाब देने का जल्द से जल्द हर संभव प्रयास करेंगे।

3. आपके अकाउंट की समाप्ति से पहले होने वाले सभी लेनदेन के लिए आप जिम्मेदार होंगे, और कृपया ध्यान दें कि हम आरबीआई विनियम के तहत सेवा की समाप्ति की तिथि पर, OBOPAY वॉलेट में मौजूद किसी भी शेष राशि को लौटाने के लिए प्रतिबंधित हैं।

## 15. वॉलेट बंद एवं समाप्ति- OBOPAY वॉलेट की समाप्ति

1. आपके OBOPAY वॉलेट की समाप्ति निम्नलिखित परिस्थितियों में होगी:

1.उस तिथि से, जिस पर आपने एक अकाउंट के लिए सफलतापूर्वक पंजीकरण किया था, से लेकर 3 (तीन) वर्ष की समाप्ति पर।

2. आपके अकाउंट का सफलतापूर्वक पंजीकरण एवं सेवाओं का पहला उपयोग के दिनांक के बीच 360 (तीन सौ साठ दिनों की अवधि की समाप्ति; या

3. अंतिम सेवाओं के उपयोग के दिनांक से 180 (एक सौ अस्सी) दिनों की अवधि की समाप्ति।

2. हम आपको आपके पंजीकृत ई-मेल आईडी/पंजीकृत फोन नंबर के माध्यम से आपके OBOPAY वॉलेट की समाप्ति के 45 (पैंतालीस) दिन पहले सूचित करेंगे।

3. कृपया ध्यान दें की समाप्ति की तारीख पर आपके खाते को बंद माना जाएगा, तथा आपके OBOPAY वॉलेट में कोई शेष राशि की वापसी आपके लिखित अनुरोध पर, आपके सत्यापित बैंक खाते में की जाएगी। इस स्थिति में कि आपके अकाउंट की समाप्ति से 3 साल के दौरान यदि आपने रिफंड का दावा नहीं किया तब आप अपने OBOPAY वॉलेट में शेष राशि को जब्त कर लेंगे।

**16. विविध- उपयोगकर्ता आचरण**

1. प्रत्येक उपयोगकर्ता निम्न से सहमत हैं:

1. वह किसी भी तीसरे पक्ष की बौद्धिक संपदा, व्यापार रहस्य, अन्य मालिकाना हक, प्रचार या निजता का उल्लंघन नहीं करेगा।

2. वह हमारे या अन्य उपयोगकर्ता के साथ संचार में अपवादक, अपमानजनक, गैर कानूनी रूप से धमकाने, या परेशान करने वाला नहीं होगा।

3. वह हमसे या अन्य उपयोगकर्ताओं के साथ अपने संचार में अभद्र अश्लील नहीं होगा;

4. वह हमारे या अन्य उपयोगकर्ता के साथ संचार में विद्रोहात्मक, अपमानजनक, नस्लीय, जातीय, या धार्मिक घृणा को उकसाने वाला, भेदभाव करने वाला, खतरनाक, अत्याचारी, परिवादात्मक, भड़काने वाला, या तिरस्कारी नहीं होगा।

5. वह ऐसे आचरण का गठन और/या प्रोत्साहित नहीं करेगा जिसे अपराधी माना जाए, नागरिक दायित्व को जन्म दे, या अन्यथा कानून के विपरीत हो।

6. वह ऐसी सामग्री का प्रसार नहीं करेगा जो तकनीकी रूप से हानिकारक हो (जिसमे बिना किसी सीमा के, कंप्यूटर/मोबाइल वायरस, लॉजिक बम, ट्रोजन हॉर्स ,वर्म, हानिकारक घटक, दूषित डेटा, या अन्य

दोषपूर्ण सॉफ्टवेयर, या हानिकारक डेटा, या कोई अन्य कोड, या फाइलें, या अन्य कंप्यूटर प्रोग्रामिंग रूटीन, जो किसी भी प्रणाली डेटा, या व्यक्तिगत जानकारी की कार्य क्षमता में नुकसान, गुप्त रूप से नष्ट, सीमित, रुकावट डाले, हस्तक्षेप करे, मूल्य कम या निश्चित रूप से अवरोध करे या जब्त कर, नुकसान पहुंचा सकते हैं।

7. वह हमे दायित्व नहीं बनाएगा, या हमें संपूर्ण या आंशिक रूप से, सद्भावना या व्यापार खोने का कारण नहीं बनाएगा; तथा

8. हमारे या अन्य उपयोगकर्ताओं के साथ उसका संचार राजनीतिक प्रचार की प्रकृति का, अवांछित या अनधिकृत विज्ञापन प्रचार, और/या वाणिज्यिक याचना, श्रृंखला पत्र, पिरामिड योजनाएं, मास मेलिंग, और/या किसी रूप में "स्पैम" या लुभाने वाला नहीं होगा।

## 17. विविध - संचार और नोटिस

1. एक अकाउंट के लिए सफलतापूर्वक पंजीकरण करके, आप अपने पंजीकृत फोन नंबर और पंजीकृत ई-मेल आईडी पर हमारे सेवाओं के लिए संचार प्राप्त करने के लिए सहमत हैं। आप सहमत हैं कि हमारे द्वारा आपको प्राप्त कोई भी संचार, स्पैम, अवांछित संचार, या नेशनल डू नॉट कॉल रजिस्ट्री पर आपके पंजीकरण का उल्लंघन नहीं होगा।

2. इन T&Cs के संबंध में कोई सूचना या अधिसूचना जो आप हमसे करना चाहते हैं वह लिखित रूप में यहां होना चाहिए:

Attn: Customer Care Department, OBOPAY

Address: #150,6th floor, Tower C, Diamond District, Old Airport Road, Bangalore-560008, Karnataka.

## 18. विविध- क्षतिपूर्ति

1. आप हमें और/या संबंधित पक्षों को सभी दावों, हानि, नुकसान, देनदारियां, लागत, और खर्चों सहित, और बिना सीमा के कानूनी शुल्क,

और वह जो आपके द्वारा हमारी सेवाओं के उपयोग या दुरुपयोग से उत्पन्न होने से संबंधित, या इन T&Cs के उल्लंघन से उठने वाले हो, किसी भी, और सभी से हमारा परित्राण, बचाव, एवं हानि रहित रखने के लिए सहमत हो।

**19. विविध-शासी कानून और विवाद समाधान**

1.हम इन T&Cs से संबंधित किसी भी विवाद, या दावे को भारतीय पंचाट और सुलाह अधिनियम 1996 के प्रावधानों के अनुसार मध्यस्था को बाध्य करके, हल करने का दावा कर सकते हैं। ऐसा कोई भी विवाद या दावा व्यक्तिगत आधार पर मनमाना होगा, और किसी अन्य पक्ष के किसी भी दावे या विवाद के साथ किसी भी मध्यस्था में समेकित नहीं होगा। यह मध्यस्था बेंगलुरु, कर्नाटक, भारत में किया जाएगा, एवं मध्यस्ता अवार्ड पर निर्णय, अधिकार क्षेत्र के किसी भी न्यायालय में प्रवेश किया जा सकता है।

2. या तो आप या हम ,अपने अधिकारों, या आप और हमारी संपत्ति की रक्षा के लिए आवश्यक लंबित मध्यस्था को पूर्ण करने के लिए बेंगलुरु, कर्नाटक, भारत के सक्षम न्यायालय की अदालत से अंतरिम, या प्रारंभिक राहत की मांग कर सकते हैं। मध्यस्थता की भाषा अंग्रेजी में होगी।

3. यह T&Cs भारत के कानूनों द्वारा शासित होंगे। मध्यस्था प्रक्रिया के अधीन हम और आप सहमत हैं, और इस बात का बीड़ा उठाते हैं कि इन T&Cs से उठने वाले ज्ञान से संबंधित कोई विवाद या दावा विशेष रूप से केवल बेंगलुरु, कर्नाटक, भारत के सक्षम न्यायालय के समक्ष रखा जाएगा।

**20. विविध– बौद्धिक संपदा और मालिकाना हक**

1. आप स्वीकार करते हैं और सहमत हैं कि सेवा और सेवा से संबंधित कोई आवश्यक सॉफ्टवेयर (“software”) स्वामित्व और गोपनीय जानकारी रखती है, जो लागू बौद्धिक संपदा और अन्य लागू कानून से संरक्षित होती है। आप सहमत हैं कि सेवा और सॉफ्टवेयर के आधार पर व्युत्पन्न कार्यों को संशोधित, किराया, पट्टा, ऋण, बिक्री, वितरित या सृजन, पूरे या भाग में, नहीं करेंगे। सेवा का कोई अनाधिकृत वेबसाइट उपयोग या उसकी सेवाओं का पुनर्विक्रय या किसी अन्य सर्वर या स्थान के लिए सॉफ्टवेयर की प्रतिलिपि बनाना या फिर प्रजनन करना, या आगे प्रजनन के लिए पुनर्वितरण स्पष्ट रूप से निषिद्ध है, और इसका परिणाम गंभीर सिविल और आपराधिक दंड हो सकता है।

2. आप आगे स्वीकार करते हैं कि सेवा में अनाधिकृत पहुंच प्राप्त करने के उद्देश्य से शामिल (बिना किसी सीमा के), आप (न ही किसी तीसरे पक्ष अनुमति देंगे), उसकी प्रतिलिपि, उसका संशोधन, डी-संकलित, अनुवादित ,व्युत्पन्न कार्य का सृजन, रिवर्स इंजीनियर, सॉफ्टवेयर का रिवर्स असेंबल, अन्यथा किसी स्रोत कोड को खोजने का प्रयास आदि नहीं करेंगे। आप हमारे द्वारा सेवा के उपयोग के लिए प्रदान इंटरफ़ेस के अलावा सेवा तक पहुंचने के लिए किसी और तरीके का प्रयोग नहीं करेंगे।

## 21. विविध- कोई छूट नहीं

1. इन T&Cs के किसी भी अधिकार या प्रावधानों को लागू करने में हमारी विफलता, देरी या चूक की वजह से, ऐसे अधिकारों या प्रावधानों में छूट नहीं दिया जाएगा। किसी एक अवसर पर दिए गए छूट के आधार पर, भविष्य के किसी अवसर पर, अधिकारों या उपचारों पर बार या छूट नहीं माना जाएगा।

2. आप सहमत हैं कि किसी भी कानून, या कानून के विपरीत की परवाह किए बिना, सेवा के उपयोग या T&Cs से संबंधित, या उठने वाले

कोई भी दावे या कार्यवाही उत्पन्न होने के 1 (एक) महीने के अंदर किया जाना चाहिए, अन्यथा उसे हमेशा के लिए रोक दिया जाएगा।

**22. विविध- T&Cs का संशोधन**

1. ये T&Cs हमारे द्वारा किसी भी समय और समय-समय पर संशोधित, अस्थाई रूप से बंद, या स्थाई रूप से संशोधित किए जा सकते हैं।

2. आप किसी भी समय यहां पर इन T&Cs के सबसे वर्तमान संस्करण की समीक्षा कर सकते हैं:

Https://www.obopay.com/terms-and-conditions-of-service-for-users/

3. संशोधित T&Cs जिस दिन से अधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित होगा उसी दिन से स्वचालित रूप से प्रभावी और बाध्यकारी होगा, जब तक अन्यथा हमारे द्वारा निर्देशित नहीं किया जाता है। सेवाओं के उपयोग जारी रखने के लिए आप ऐसे संशोधित T&Cs से सहमत और बाध्य होंगे। यदि आप संशोधित T&Cs से सहमत नहीं हैं, तो आपको सेवाओं तक पहुंचने या उपयोग को तुरंत बंद कर देना चाहिए, और यदि आप हमारे द्वारा किए दिए गए किसी भी कैशबैक या बोनस का लाभ उठाते हैं, तब आप पर इन टीएनसीएस के अतिरिक्त कुछ विशेष नियम और शर्तें, जो आपके द्वारा प्राप्त किए गए कैशबैक और बोनस ऑफर के कारण लागू होंगे। हम इच्छानुसार हमारे द्वारा दिए गए कैशबैक या बोनस ऑफर से संशोधित सुधार, या उसे बंद करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। आप सहमत हैं, तथा स्वीकार करते हैं कि आप हमारे खिलाफ कैशबैक या बोनस ऑफर के संबंध में कोई दावा करने के हकदार नहीं होंगे।

**23. विविध- ग्राहक शिकायत निवारण नीति**

यदि आप प्रदान की गई सेवा की गुणवत्ता से संतुष्ट नहीं है, तो कृपया obopaysupport@obopay.com पर हमें लिखें या https://www.obopay.com/grievanceredressalpolicy/ पर शिकायत

नीति को देखें, जिसके लिए शिकायतों की वृद्धि की प्रक्रिया इस प्रकार है: वृद्धि स्तर-

1. Obopaysupport@obopay.com 080-66732300
2. managar@obopay.com 080-66732300
3. nodal@obopay.com 080-66732300

**24.** विविध– **गम्भीरताएँ**

यदि इन T&Cs का कोई भी हिस्सा लागू करने के लिए अमान्य या अप्राप्य हैं, तब अमान्य या अप्राप्य प्रावधानों को एक मान्य, लागू करने योग्य प्रावधान से अलग माना जाएगा, जो मूल प्रावधान के आशय से सब से निकटता से मेल खाता है, और इन शेष T&Cs प्रभाव में जारी रहेगा।